# सरकार, मंत्री, मुख्यमंत्री कमजोर होता है तो ऐसी घटनाओं में इजाफा होता है : डॉ. पूनिया

## जालौर में छात्र की हत्या को लेकर भाजपा नेताओं ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

- छात्र के परिजनों को 50 लाख एव सरकारी नौकरी दे सरकार : किरोड़ी
- हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे विफल व नाकाम गृहमंत्री साबित हुए हैं : राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने जालौर में छात्र की हत्या को लेकर कहा कि आजादी के इतने बाद भी समाज और सरकार के समक्ष यक्ष प्रश्न है की प्रदेश पहले समाज में भाईचारा, सदभाव के लिए जाना जाता था अब इसको किसी की नजर लग गई। सरकार को चेताते हुए कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में एक के बाद एक दलितों पर हत्या की घटनाएं बढ़ रही है। प्रदेश की सुरक्षा की खतरा उत्पन्न हुआ है। इस तरह की घटनाएं समाज को सोचने को मजबूर करती है। इस तरह की घटनाओं से मुख्यमंत्री लाचार है। इन सब बातों को करने लिए कमजोर एव लाचार है। सरकार, मंत्री, मुख्यमंत्री कमजोर होता है तो ऐसी घटनाओं में इजाफा होता है। हमारे लिए सियासत से बड़ा समाज है, जो दोषी हैं उनपर कार्यवाही जरूर हो।

राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में स्वयं को राजस्थान का गांधी कहने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में दलित छात्र की निर्मम हत्या अन्याय की पराकाष्ठा है। दोषी को ऐसी सजा मिले कि दोबारा ऐसी घटना न हो। मेरी मांग है कि छात्र के परिजनों को 50 लाख व सरकारी नौकरी दी जाए। सूचना मिली है कि दलित छात्र को न्याय दिलाने के लिए एकत्रित हुए लोगों को पुलिस खदेड़ने व जबर्दस्ती अंतिम संस्कार करने का प्रयास कर रही है। पुलिस को कहना चाहता हूं कि दलित भाइयों को अकेला न समझे। अगर न्याय नहीं मिला तो मैं भी जल्द ही जालौर की धरती पर पहुंच रहा हूं।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने वक़्तव्य जारी कर कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जालोर में पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक छात्र इंद्र मेघवाल के परिजनों की न्यायसंगत मांगों पर लाठीचार्ज करने की घटना एवं अंतिम संस्कार के लिए जबरन दबाव बनाया जाना बेहद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। तानाशाही प्रशासन पीड़ित पक्ष के साथ न्याय करने के बजाए हिंसात्मक व्यवहार कर रहा है जिसकी मैं कड़ी भर्त्सना करता हूं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्रीअशोक गहलोतजो गृह विभाग के मुखिया भी है वह हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे विफल व नाकाम गृहमंत्री साबित हुए हैं जिनके नियंत्रण में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है।

# गांधी पर इंद्रेश कुमार के बयान का विरोध

- राजस्थान विवि पर एनएसयूआई ने आरएसएस का पुतला फूंका

**जयपुर, (का.प्र.)।** आएसएस नेता इंद्रेश कुमार की ओर से महात्मा गांधी पर दिए गए विवादित बयान का विरोध करते हुए रविवार को जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं इंद्रेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने आएसएस का पुतला फूंक इंद्रेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग की।

एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी गुरजोत सिद्धू ने कहा कि बीजेपी और आएसएस की मानसिकता शुरुआत से ही देश को बांटने की रही है। जिस महापुरुष को पूरी दुनिया में पूजा जाता है। आएसएस के लोग उनके खिलाफ ही जहर उगल रहे हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में जब तक इंद्रेश के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती हमारा विरोध भी जारी रहेगा।

दरअसल, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने शनिवार को जयपुर में कहा था कि महात्मा गांधी की भूल की वजह से देश का बंटवारा हुआ। अगर बापू अंग्रेजों से वार्ता के लिए नेहरू और जिन्ना को एडीसी नहीं चुनते तो भारत के टुकड़े नहीं होते।

उनकी जगह अगर सरदार पटेल, सुभाष और महर्षि अरविंदो को एडीसी चुन लेते तो भारत का विभाजन नहीं होता। बापू की छोटी सी भूल ने भारत के दो टुकड़े कर दिए। इसलिए आजादी मिली लेकिन टुकड़ों के साथ मिली। जिसके बाद से कांग्रेस समेत देशभर में इंद्रेश का विरोध शुरू हो गया है।

# हमारी संस्कृति में विश्व बाजार नहीं, अपना परिवार है : डॉ.शैलेन्द्र

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि पूरी दुनियां के लोग भारत को व्यापार का क्षेत्र मानते हैं, वे विश्व को बाजार मानते हैं, लेकिन हम अपनी संस्कृति में विश्व को अपना परिवार मानते हैं। डॉ. शैलेन्द्र रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ऋषि गालव भाग की ओर स्वाधीनता से स्वंतत्रता की ओर विषय पर से आयोजित प्रबुद्धजन गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा सतत संघर्ष का इतिहास रहा है। बाहर से आए लोगों ने हमारे उपर आक्रमण करके राज किया। इन्होंने किन आधार पर हमारे देश पर राज किया, अपनी क्या कमियां थीं। इस पर आज विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि देश स्वतंत्र हो गया। स्वाधीतनता को 75 वर्ष हो गए, हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जब तक समाज समरस नहीं होगा, तब तक जिस समर्थ समाज की हम कल्पना करते हैं वह संभव नहीं है।

डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि आज देश बदल रहा है। देश में अच्छी बातें हो रही है। चाहे भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो या काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण, धारा 370 का विषय हो। आज अनेक विकसित देश में भारत से अपने उपग्रह स्थापित करवाते हैं। भारत हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। भारत इस क्षेत्र में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। भारत के लोगों की धाक पूरे विश्व में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रश्न उठाते हैं कि देश को स्वतंत्र कराने में संघ का क्या योगदान था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विपिन चंद्र शर्मा ने कहा कि आज कोई भी भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। देश में सामाजिक उथल पुथल चल रही है। देश में कई आंतरिक चुनौतियां है, इनका सामना करने के लिए हिन्दू समाज को एकत्रित करना होगा।








# स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के घर पहुंचे तथा उन्हें सूत की माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

गहलोत ने मानसरोवर के दादूदयाल नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी रामू सैनी, निवारू रोड पर गणेश नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी उमराव सिंह, सी-स्कीम स्थित स्वतंत्रता सेनानी सुभद्र कुमार पाटनी के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व शिक्षामंत्री गोविन्दसिंह डोटासरा व जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।







## खोया-पाया

मेरे मकान नं. 4-ट-12 हाऊसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर का आवंटन पत्र कब्जा पत्र डिक्लेरेशन तथा नो ड्यूज कार्वटिया सर्किल के आसपास दिनांक 13.08.2022 को गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। मो. 9928195153

## NAME CHANGE

I have changed my name from Anil Kumar Basandani to Anil Basandani S/o Jairam Das Basandani for all purpose, Resi.: 761, Ashok Chowk, Adarsh Nagar, Jaipur

I have changed my name from Mamta Shivnani to Palak Basandani W.o Aail Basandani for all purpose. Resi.: 761, Ashok Chowk, Adarsh Nagar, Jaipur










नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## शोक संदेश



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारी पुज्य माताजी
**श्रीमती इन्द्रा कंवर**
धर्मपत्नी स्व. कर्नल दीप सिंहजी (झाड़ोद)
का स्वर्गवास दिनांक 12-08-2022 को हो गया है।

**तीये की बैठक**
दिनांक 15.08.2022 को शाम 4:00 से 5:00 बजे
समुदाय केन्द्र, भागीरथ पथ, पानी की टंकी के पास
श्याम नगर, जयपुर पर होगी

शोकाकुल : ब्रिगेडियर करण सिंह राठौर-श्रीमती अर्चना सिंह (पुत्र-पुत्रवधु), पृथ्वीराज राठौर-श्रीमती सावित्री सिंह (पुत्र-पुत्रवधु), मात्रिका सिंह-नरेन प्रताप सिंह जी (पौत्री-पौत्री दामाद), हर्षवर्धन राठौर-श्रीमती स्मृति सिंह (पौत्र-पौत्रवधु), श्रीमती राज कंवर-ठा हिम्मद सिंहजी चुण्डावत (लसानी) (पुत्री-दामाद), श्रीमती पारो कंवर-ग्रुप केप्टन विक्रम सिंहजी राणावत (पहुना) (पुत्री-दामाद) एवम् समस्त झाड़ोद परिवार।
मोबाईल : 9166182450, 9314642922

